कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0,

संख्या– 8(1)/ई–2/2019–2020
प्रयागराजः दिनांक 11 मार्च, 2020

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन सं. ए–4/ई–1/2019, दिनांक 13.12.2019 के द्वारा विज्ञापित खण्ड शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2019 के संदर्भ में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा दिनांक 22 मार्च, 2020 (रविवार) को पूर्वाह्न 9:30 बजे से 11:30 बजे तक प्रदेश के 18 जनपदों यथा– आगरा, प्रयागराज, आजमगढ़, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या, गाजियाबाद, जौनपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बाराबंकी, मेरठ, मुरादाबाद, रायबरेली, सीतापुर, वाराणसी व मथुरा, उत्तर प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी । प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है । अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म–तिथि के आधार पर प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउन लोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई.डी. प्रूफ की मूल एव छायाप्रति लेकर उपस्थित हों ।

2–ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जो :–

1. सेरिबल पैल्सी दिव्यांगता ।
2. लोकोमोटर अपर लिम्ब दिव्यांगता (लिखने वाले हाथ में 40% या उससे अधिक दिव्यांगता की स्थिति में)।
3. आंख की दिव्यांगता (60% से अधिक होने पर) ।

स्क्राइब/राइटर एवं अतिरिक्त समय का लाभ लेना चाहते हैं वे इस प्रेस विज्ञप्ति में संलग्न प्रारूप पर समस्त सूचनाएं भरकर तथा दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की प्रति, स्क्राइब/राइटर के इण्टर के प्रमाण–पत्र एवं आई.डी. प्रूफ को आयोग में दिनांक 16.03.2020 को अपराह्न 5:00 बजे तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें । अभ्यर्थी द्वारा दिए गए अभिलेखों के जांचोपरान्त उक्त सुविधा अनुमन्य होने पर अभ्यर्थी को एवं संबंधित परीक्षा केन्द्र को सूचित किया जाएगा । अभ्यर्थी जो अभिलेख प्रस्तुत करेंगे वे पठनीय होने चाहिए। स्क्राइब/राइटर की अर्हता इण्टर पास होनी चाहिए जो वर्ष 2018/2019 से पूर्व का उत्तीर्ण न हो । निर्धारित तिथि तक उपर्युक्त प्रक्रिया पूर्ण न करने पर उस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।

11.03.2020
(सुरेन्द्र प्रसाद उपाध्याय)
अनु सचिव

<u>प्रारूप–1</u>

<u>दिव्यांग अभ्यर्थी से संबंधित सूचना</u>

अभ्यर्थी का नाम	
अनुक्रमांक	
रजिस्ट्रेशन नम्बर	
पिता/पति का नाम	
पी.एच. श्रेणी	
मोबाइल नं.	
ई.मेल आई.डी0	
हस्ताक्षर	

फोटो

प्रारूप–2

स्क्राइब / राइटर से संबंधित सूचना

स्क्राइब / राइटर का नाम	
पिता / पति का नाम	
जन्म–तिथि	
अर्हता	
अंक पत्र के निर्गमन की तिथि	
मोबाइल नं.	
ई.मेल आई.डी0	
हस्ताक्षर	